Roll No. | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admin Card)

*Signature of Invigilators*

1. ______________________

2. ______________________

**0417**

**Question Booklet Series** **X**

**PAPER–III** **Question Booklet No.**

(Identical with OMR Answer Sheet Number)

## Subject Code : 04

# HINDI

*Time : 2 Hours 30 Minutes* *Maximum Marks: 150*

### *Instructions for the Candidates*

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   (ii) Faulty booklet, if detected, should be get replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) Verify whether the Question Booklet No. is identical with OMR Answer Sheet No.; if not, the full set to be replaced.
   (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of seventy-five (75) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.

   *Example:* (A) (B) ● (D), where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or mobile phone etc. is strictly prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**

**[Please Turn Over]**

# HINDI

## PAPER III

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास अमृतलाल नागर का नहीं है?

(A) बूँद और समुद्र

(B) ये कोठेवालियाँ

(C) सेठ बाँकेमल

(D) अन्तिम चरण

**2.** 'ले चल मुझे भुलावा देकर मेरे नाविक धीरे-धीरे'— इस पंक्ति के आधार पर प्रसाद पर क्या आरोप लगा था?

(A) यथार्थवादी होने का

(B) आदर्शवादी होने का

(C) दार्शनिक होने का

(D) पलायनवादी होने का

**3.** ''जब वेदना के आधार पर स्वानुभुतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिंन्दी में उसे छायावाद के नाम से अभिहित किया गया'' — किसने कहा है?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) महादेवी वर्मा

(C) डॉ० रामकुमार वर्मा

(D) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

**4.** कौन-सा पात्र 'अन्धायुग' में नहीं है?

(A) युयुत्सु

(B) गांधारी

(C) भीष्मपितामह

(D) अश्वत्थामा

**5.** 'आधे अधूरे' का प्रथम मंचन कब हुआ?

(A) 1962

(B) 1964

(C) 1967

(D) 1969

**6.** 'असाध्य वीणा' में प्रियंवद ने राजन् से कहा कि वह स्वयं क्या नहीं है?

(A) शिष्य

(B) साधक

(C) कलावन्त

(D) केशकम्बली

**7.** निम्नलिखित में से क्या अनुभाव का एक रूप है?

(A) लौकिक

(B) आंगिक

(C) आध्यात्मिक

(D) इनमें से कोई नहीं

**8.** रामविलास शर्मा कृत 'नयी कविता और अस्तित्ववाद' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1973 ई०

(B) 1975 ई०

(C) 1976 ई०

(D) 1978 ई०

**9.** शिवप्रसाद सिंह द्वारा रचित ट्रिलाजी (त्रयी) के तीन उपन्यास हैं:

(A) 'तट के बंधन', 'स्वप्नमयी', 'अर्द्धनारीश्वर'

(B) 'गली आगे मुड़ती है', 'नीला चाँद', 'वैश्वानर'

(C) 'जुगलबन्दी', 'पहला गिरमिटिया', 'यात्राएँ'

(D) 'झाँसी की रानी', 'मृगनयनी', 'गढ़कुण्डार'

**10.** हिंदी के कौन कवि 'कलाधर' उपनाम से कविताएँ लिखा करते थे?

(A) नागार्जुन

(B) प्रसाद

(C) भारतेंदु

(D) अयोध्या सिंह 'हरिऔध'

**11.** 'अग्निबीज' के लेखक कौन हैं?

(A) गंगाप्रसाद विमल

(B) कृष्णा सोबती

(C) मार्कण्डेय

(D) मन्नु भंडारी

**12.** प्रतीकों के प्रयोग को किसने सर्वप्रथम महिमान्वित किया?

(A) बोदलेयर

(B) वर्ले

(C) मलार्मे

(D) सी. एम. बोवारा

**13.** सुचियों का समुचित मिलान कीजिए:

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) कब तक पुकारूँ | (i) शेखर जोशी |
| (b) जल टूटता हुआ | (ii) भैरवप्रसाद गुप्त |
| (c) कगार की आग | (iii) रामदरश मिश्र |
| (d) सती मैया का चौरा | (iv) रांगेय राघव |

| *कूट:* | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**14.** निम्नलिखित में से किस उपन्यास को 'व्यास सम्मान' (2003) प्राप्त हुआ है?

(A) रुकोगी नहीं राधिका

(B) कठगुलाब

(C) आवां

(D) छिन्नमस्ता

**15.** 'पद्मावत' का बारहमासा किस महीने से शुरु होता है?

(A) पौष

(B) फाल्गुन

(C) ज्येष्ठ

(D) आषाढ़

**16.** 'आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) अज्ञेय

(D) डॉ० रामविलास शर्मा

**17.** रूसी रूपवाद के प्रथम पुरोधा थे:

(A) विक्टर श्क्लोव्सकी

(B) यूरी हिन्यानोव

(C) रोमन याकोब्सन

(D) फर्दिनांद द सस्यूर

**18.** 'भारत के मध्यवर्ग की अजीब दास्तान' पुस्तक के लेखक हैं:

(A) धनंजय वर्मा

(B) पवन कुमार वर्मा

(C) आलोक वर्मा

(D) रामचंद्र वर्मा

**19.** "अचिरता देख जगत की आप,
शून्य भरता समीर निश्वास।
डालता पातों पर चुपचाप,
ओस के आँसू नीलाकाश।।"— किस कवि की पंक्तियाँ है?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) मुकुटधर पाण्डेय

**20.** 'नारायण दास' किस नाटक का चरित्र है?

(A) अंधायुग

(B) आधे-अधूरे

(C) अंधेरे नगरी

(D) चन्द्रगुप्त

**21.** "मनु! क्या यही तुम्हारी होगी उज्ज्वल नव मानवता!
जिसमें सब कुछ लेना हो हंत! बची क्या शवता।।"— किसकी उक्ति है?

(A) इड़ा

(B) युधिष्ठिर

(C) उर्मिला

(D) श्रद्धा

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना काव्य-नाटक नहीं है?

(A) एक कंठ विषपायी

(B) अंधा-युग

(C) उर्वशी

(D) संशय की एक रात

**23.** हिन्दी का प्रथम गीतिनाट्य है:

(A) करुणालय

(B) सरोज स्मृति

(C) कनुप्रिया

(D) उर्वशी

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास आँचलिक नहीं है?

(A) बाबा बटेसरनाथ

(B) बहती गंगा

(C) लोक परलोक

(D) नरक यात्रा

**25.** 'ताँबे के कीड़े' के रचनाकार कौन हैं?

(A) दुष्यंत कुमार

(B) उपेन्द्रनाथ अश्क

(C) भुवनेश्वर

(D) डॉ० रामकुमार वर्मा

**26.** निम्बार्काचार्य ने इनमें से किस सिद्धान्त का प्रवर्तन किया?

(A) द्वैतवाद

(B) विशिष्टाद्वैतवाद

(C) शुद्धाद्वैतवाद

(D) द्वैताद्वैतवाद

**27.** ''अनुकरणधर्मी कवि का लक्ष्य लोकप्रियता होता है।'' — यह विचार किसका है?

(A) होरेस

(B) वर्ड्सवर्थ

(C) कॉलरिज

(D) प्लेटो

**28.** उदात्त का विरोधी तत्त्व है:

(A) संवेदना

(B) भावना

(C) शब्दाडंबर

(D) आनंद

**29.** किस रीति में दस शब्दगुण एवं दस अर्थगुण होते हैं?

(A) पांचाली

(B) गौड़ी

(C) वैदर्भी

(D) वच्छोमि

**30.** 'शिखर से सागर तक' किसकी जीवनी है?

(A) उपेन्द्रनाथ अश्क

(B) अज्ञेय

(C) महादेवी वर्मा

(D) मुक्तिबोध

**31.** 'सब चुप, साहित्यिक चुप और कविजन निर्वाक्
चिन्तन, शिल्पकार, नर्तक चुप हैं ...'

— किस कवि की पक्तियाँ हैं?

(A) अज्ञेय

(B) शामशेर बहादुर सिंह

(C) मुक्तिबोध

(D) कुँवर नारायण

**32.** ''बहुत-बहुत ज्यादा लिया
दिया बहुत-बहुत कम
मर गया देश अरे जीवित रह गये तुम।''

— यह किस कविता से उद्धृत है?

(A) ब्रह्मराक्षस

(B) अंधेरे में

(C) नाशदेवता

(D) कायरता व साहस के बीच

**33.** इनमें से कौन मनोविश्लेषणवादी आचार्य नहीं हैं?

(A) एडलर

(B) युंग

(C) एलेन टेट

(D) फ्रायड

**34.** ''धीरे से धरती पर पाँव धरा किरनों ने
भिट्टी पर दौड़ गयी लाल रंग तलुओं का।''
— काव्यपंक्तियाँ किनकी हैं?
(A) त्रिलोचन
(B) केदारनाथ अग्रवाल
(C) अज्ञेय
(D) नागार्जुन

**35.** स्थापना (*Assertion*)-*A*: ईश्वर का विरह सूफियों के यहाँ भक्त की प्रधान सम्पत्ति होती है।
तर्क (*Reason*)-*R* : क्योंकि विरह के बिना साधना मार्ग में कोई सूफी कवि प्रवृत्त नहीं हो सकता।
(A) *A* सही *R* गलत
(B) *A* और *R* दोनों गलत
(C) *A* और *R* दोनों सही
(D) *A* गलत *R* सही

**36.** ''खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ-वन बीच गुलाबी रंग।''
— इस अवतरण में निम्नलिखित कौन-सा अलंकार है?
(A) रूपक
(B) अतिशयोक्ति
(C) विरोधाभास
(D) उत्प्रेक्षा

**37.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : श्रद्धा धर्म की अनुगामिनी है।
तर्क (*Reason*)-*R* : क्योंकि जहाँ धर्म का स्फुरण दिखाई पड़ता है, वहीं श्रद्धा टिकती है।
(A) *A* सही *R* गलत
(B) *A* और *R* दोनों सही
(C) *A* गलत *R* सही
(D) *A* और *R* दोनों गलत

**38.** ''गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग''— यह किसकी उक्ति है?
(A) कबीर
(B) सूर
(C) तुलसी
(D) नाभादास

**39.** 'आये जोग सिखावन पांडे।
परमारथी पुराननि लादि ज्यौं बनजारे टांड़े।।'
— किस कवि की पंक्तियाँ हैं?
(A) भिखारीदास
(B) कबीरदास
(C) तुलसीदास
(D) सूरदास

**40.** शौरसेनी का क्षेत्र था
(A) काशी जनपद
(B) मथुरा जनपद
(C) अवध जनपद
(D) पूर्वीय प्रदेश

**41.** 'संदेशरासक' की भाषा है:
(A) पश्चिमी अवहट्ट
(B) पूर्वी अवहट्ट
(C) राजस्थानी
(D) पूर्वी हिंदी

**42.** 'उत्तरकाण्ड' में प्रस्तावित रामराज्य की मूल प्रवृत्ति है:
(A) नहिं भय सोक न रोग।
(B) श्रुति विरोध रत सब नर-नारी।
(C) बरन धर्म नहीं आश्रमचारी।
(D) श्रुतिसम्मत हरिभक्ति पथ संयुत विरति विवेक।

**43.** केशवदास की 'रामचन्द्रिका' पर प्रभाव है:
(A) वाल्मीकि कृत रामायण का
(B) हनुमन्नाटक का
(C) रामचरितमानस का
(D) कृत्तिवासीय रामायण का

**44.** 'नई कविता के प्रतिमान' के लेखक कौन हैं?
(A) नामवर सिंह
(B) लक्ष्मीकान्त वर्मा
(C) अशोक वाजपेयी
(D) मैनेजर पाण्डेय

**45.** 'रामचरितमानस' में उत्तरकांड कौन-सा सोपान है?
(A) पहला
(B) तीसरा
(C) पाँचवाँ
(D) सातवाँ

**46.** 'एकांतवासी योगी' किस रचना का हिन्दी अनुवाद है?
(A) ट्रैवलर
(B) ग्रेट एक्सपेक्टेशन
(C) हरमिट
(D) वार एंड पीस

**47.** किस पौराणिक कृति में 'भ्रमरगीत' प्रसंग आया है?
(A) महाभारत
(B) रामायण
(C) श्रीमद्भागवत
(D) पद्मपुराण

**48.** ''मैं मजदूर हूँ, मजदूरी किए बिना मुझे भोजन करने का कोई अधिकार नहीं''— कथन किसका है?
(A) निराला
(B) मुक्तिबोध
(C) धूमिल
(D) प्रेमचन्द

**49.** 'आधुनिक कविता में बिम्ब-विधान' किस रचनाकार की कृति है?
(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(B) केदारनाथ सिंह
(C) विजयदेव नारायण साही
(D) परमानन्द श्रीवास्तव

**50.** ''व्यापक अर्थ में अलंकार उक्ति वैचित्र्य है।''— उक्ति किनकी है?
(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) नगेन्द्र
(C) बाबू गुलाबराय
(D) रामदहिन मिश्र

**51.** 'तू उमड़ बढ़ वक्र में अपने गगन को घेरे।'— यह काव्य-पंक्ति किसकी है?
(A) धर्मवीर भारती
(B) रघुवीर सहाय
(C) भवानीप्रसाद मिश्र
(D) कुँवर नारायण

**52.** सुमित्रानन्दन पंत की 'युगवाणी' की कविताओं का मूल स्वर है
(A) छायावादी
(B) प्रगतिशील
(C) प्रयोगवादी
(D) प्रकृतिपरक

**53.** मूलत: 'कामायनी' को फैंटेसी माननेवाले कौन हैं?

(A) रामविलास शर्मा

(B) नन्ददुलारे वाजपेयी

(C) गजाननमाधव मुक्तिबोध

(D) नामवर सिंह

**54.** 'रीतिकाल' को 'कलाकाल' किसने कहा?

(A) श्यामसुंदर दास

(B) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

(C) रामकुमार वर्मा

(D) नगेन्द्र

**55.** 'फाटक दैकर हाटक मांगत भोरे निपट सुधारी' पंक्ति में कौन 'फाटक' देकर 'हाटक' माँग रहा है?

(A) अक्रूर

(B) उद्धव

(C) बलराम

(D) श्रीकृष्ण

**56.** आधुनिकता का संबंध निम्नलिखित में से किससे नहीं है?

(A) नव-यथार्थवाद

(B) नव-उपनिवेशवाद

(C) नव-फ्रायडवाद

(D) नव-रहस्यवाद

**57.** असंगत जोड़े को पहचानिए:

(A) विलियम वर्ड्सवर्थ - 1770-1850 ई०

(B) मैथ्यू आर्नल्ड - 1822-1888 ई०

(C) बेनेदितो क्रोचे - 1866-1952 ई०

(D) टी० एस० इलियट - 1864-1948 ई०

**58.** 'तुम धौं पाटी पढ़े हौ लला मन लैहु पै दैहु छँटाक न नहीं' पंक्ति किस रीति कवि की है?

(A) पद्माकर

(B) देव

(C) मतिराम

(D) घनानंद

**59.** अपभ्रंश में मूल स्वरों की संख्या थी

(A) 6

(B) 8

(C) 10

(D) 11

**60.** 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' के लेखक हैं

(A) मैथ्यू आर्नल्ड

(B) लोंजाइनस

(C) कॉलरिज

(D) वर्ड्सवर्थ

**61.** निम्नलिखित कृतियों के साथ उनके रचयिताओं को सुमेलित कीजिए:

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) सतरंगे पंखोंवाली | (i) धूमिल |
| (b) अजेय खंडहर | (ii) लीलाधर जगूड़ी |
| (c) सड़क से संसर तक | (iii) रांगेय राघव |
| (d) नाटक जारी है | (iv) नागार्जुन |

| कूट: | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**62.** 'जदपि सुजाति सुलक्षनी सुवरन सरस सुवृत्त।
भूषन बिनु न बिराजहीं कविता वनिता मित्त।।'
— यह अंश किस ग्रंथ से उद्धृत है?
(A) अलंकार मंजूषा
(B) कविप्रिया
(C) काव्यदर्पण
(D) काव्यप्रभाकर

**63.** 'कला कला के लिए' विषयक मत के निकट हैं
(A) लोंजाइनस
(B) ऑस्कर वाइल्ड
(C) मैथ्यू आर्नल्ड
(D) क्रिस्टोफर कॉडवेल

**64.** लौकिक संस्कृत में 'इड़ा' शब्द निम्नलिखित में से किसका पर्याय नहीं है?
(A) पृथ्वी
(B) समुद्र
(C) बुद्धि
(D) वाणी

**65.** प्रगतिशील लेखक संघ के दूसरे अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?
(A) प्रेमचन्द
(B) नागार्जुन
(C) रामविलास शर्मा
(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**66.** रामचन्द्र शुक्ल ने किस निबंध में, 'करुण रस में आनंद-प्राप्ति' को अस्वीकार किया है?
(A) काव्य में लोकमंगल
(B) करुणा
(C) कविता क्या है
(D) साधारणीकरण और व्यक्तिवैचित्र्यवाद

**67.** पुस्तक के साथ लेखक को सुमेलित कीजिए:

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) भारतीय काव्यशास्त्र | (i) नगेन्द्र |
| (b) रस मीमांसा | (ii) केशव मिश्र |
| (c) रस सिद्धांत | (iii) सत्यदेव चौधरी |
| (d) अलंकारशेखर | (iv) रामचन्द्र शुक्ल |

| *कूट:* | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**68.** 'स्टडीज इन डाइंग कल्चर' नामक पुस्तक के लेखक हैं:
(A) क्रिस्टोफर कॉडवेल
(B) राल्फ फॉक्स
(C) डेविड डेचेज
(D) अंतोनियो ग्राम्शी

**69.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : नई कविता में नये मूल्य नये शिल्प विधान का अन्वेषण है।
तर्क (*Reason*)-*R* : क्योंकि उसने जीवन को चाहे वह वर्ग, व्यक्ति अथवा समाज का हो – इसमें सीमा नहीं निर्धारित की।
(A) *A* सही *R* गलत
(B) *A* गलत *R* सही
(C) *A* और *R* दोनों गलत
(D) *A* और *R* दोनों सही

**70.** जर्मन दार्शनिकों के प्रभाव में आलोचना लिखनेवाला आलोचक है :

(A) होरेस

(B) दांते

(C) कॉलरिज

(D) इलियट

**71.** ''काहे को रोकत मारग सूधो?
सुनहु मधुप! निर्गुण-कंटकते राजपंथ क्यों रूँधो।''

'राजपंथ' का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए।

(A) राजरास्ता

(B) निर्गुण भक्ति का रास्ता

(C) सगुण पंथ

(D) इनमें से कोई नहीं

**72.** ''दाख छांडि कै कटुक निंबौरी को अपने मुख खैहै।''
— इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(A) विरोधाभास

(B) रूपकातिशयोक्ति

(C) उत्प्रेक्षा

(D) असंगति

**73.** स्थापना (*Assertion*)-*A* : रीतिकालीन कवियों में पाण्डित्य-प्रदर्शन, अलंकारप्रियता एवं चमत्कार प्रदर्शन की प्रवृत्ति पाई जाती है। इससे इनके काव्य में कला की प्रधानता है।

तर्क (*Reason*)-*R* : रीतिकाल में शब्दों की पच्चीकारी एवं कला की रमणीयता पर ही अधिक ध्यान दिया गया। ये लोग इसी को कविकर्म समझते थे। किसी भी रीतिकालीन कवि में भाव-व्यंजना एवं मार्मिकता नहीं है।

(A) *A* और *R* दोनों सही

(B) *A* गलत *R* सही

(C) *A* सही *R* आंशिक गलत

(D) *A* और *R* दोनों गलत

**74.** ''पण्डिताई भी एक बोझ है — जो जितनी भारी होती है उतनी ही तेजी से डुबोती है''— पंक्ति किस रचना से है?

(A) विषाद योग

(B) अशोक के फूल

(C) कुटज

(D) चिन्तामणि

**75.** ''हमें सुन्दरता की कसौटी बदलनी होगी। अभी तक यह कसौटी अमीरी और विलासिता के ढंग की थी।''— यह किसकी उक्ति है?

(A) प्रेमचन्द

(B) निराला

(C) शिवदान सिंह चौहान

(D) रामविलास शर्मा

**ROUGH WORK**